पक्षी न रहें प्यासे, इसलिए लगाऐं पेड़ो पर प्याऊ

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने अधारताल स्थित विश्वविद्यालय परिसर में एक सराहनीय पहल की है। माननीय कुलपति जी ने कहा कि मानव सभ्यता का अस्तित्व इसी बात पर निर्भर करता है कि हम प्रकृति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। कुलपति जी ने बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी से परेशान पक्षियों के लिए गहन चिंता जताई एवं कुलपति जी ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि परिसर में पेड़ों के पक्षियों के लिए पानी रखकर उन्हें निर्जलीकरण से बचाया जा सकता है एवं इस प्रयास से ग्रीष्म ऋतु में पक्षियों में होने वाली मृत्यु दर को भी रोका जा सकता है इन्हीं विचारों के चलते हमारा सदैव प्रयास रहता है कि हमारे आसपास रहने वाले पक्षियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था हो सके।

सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश देते हुए कुलपति जी ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बंधुओं, छात्रों एवं सहयोगियो से मेरा आग्रह है कि हम सबको नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक भागीदारी के विकास हेतु ऐसे प्रयास करना चाहिए ताकि उत्कृष्ट पर्यावरण का स्थायित्व बना रहे एवं परिस्थितिकी तंत्र का क्रम चलता रहे। कार्यक्रम के दौरान कुलपति जी की सहभागिता में विश्वविद्यालय के सभी उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग मौजूद रहे। विशेष सहभागिता के लिए डॉ. अजीत प्रताप सिंह, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं डॉ. सोना दुबे, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ. शशिकांत महाजन, प्रभारी मत्स्य प्रक्षेत्र, प्रतीक तिवारी, टीचिंग एसोसिएट एवं शुभेन्दु द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर